जगदम्बा जी की   आरती

आरती कीजै शैल-सुता की। आरती० ।

जगदम्बा की आरती कीजै ।  स्नेह-सुधा, सुख सुन्दर लीजै ।

जिनके नाम लेत दृग भीजै ।   ऐसी वह माता वसुधा की । आरती० ।

पाप विनाशिनि, कलि-मल-हारिणि । दयामयी, भवसागर तारिणि ।

शस्त्र-धारिणी शैल-विहारिणि । बुद्धिराशि गणपति माता की । आरती० ।

सिंहवाहिनी मातु भवानी । गौरव-गान करें जग-प्राणी ।

शिव के हृदयासन की रानी । करें आरती मिल-जुल ताकी । आरती० ।

सभी आरती के पीडीएफ कहीं भी डाउनलोड

atozpe.in